Bhagavad Gita Chalisa Lyrics in Hindi English

Bhagavad Gita Chalisa Lyrics in Hindi

प्रथमहिं गुरुको शीश नवाऊँ ।हरिचरणों में ध्यान लगाऊँ ॥
गीत सुनाऊँ अद्भुत यार ।धारण से हो बेड़ा पार ॥

अर्जुन कहै सुनो भगवाना ।अपने रूप बताये नाना ॥
उनका मैं कछु भेद न जाना ।किरपा कर फिर कहो सुजाना ॥

जो कोई तुमको नित ध्यावे ।भक्तिभाव से चित्त लगावे ॥
रात दिवस तुमरे गुण गावे ।तुमसे दूजा मन नहीं भावे ॥

तुमरा नाम जपे दिन रात ।और करे नहीं दूजी बात ॥
दूजा निराकार को ध्यावे ।अक्षर अलख अनादि बतावे ॥

दोनों ध्यान लगाने वाला ।उनमें कुण उत्तम नन्दलाला ॥
अर्जुन से बोले भगवान् ।सुन प्यारे कछु देकर ध्यान ॥

मेरा नाम जपै जपवावे ।नेत्रों में प्रेमाश्रु छावे ॥
मुझ बिनु और कछु नहीं चावे ।रात दिवस मेरा गुण गावे ॥

सुनकर मेरा नामोच्चार ।उठै रोम तन बारम्बार ॥
जिनका क्षण टूटै नहिं तार ।उनकी श्रद्घा अटल अपार ॥

मुझ में जुड़कर ध्यान लगावे ।ध्यान समय विह्वल हो जावे ॥
कंठ रुके बोला नहिं जावे ।मन बुधि मेरे माँही समावे ॥

लज्जा भय रु बिसारे मान ।अपना रहे ना तन का ज्ञान ॥
ऐसे जो मन ध्यान लगावे ।सो योगिन में श्रेष्ठ कहावे ॥

जो कोई ध्यावे निर्गुण रूप ।पूर्ण ब्रह्म अरु अचल अनूप ॥
निराकार सब वेद बतावे ।मन बुद्धी जहँ थाह न पावे ॥

जिसका कबहुँ न होवे नाश ।ब्यापक सबमें ज्यों आकाश ॥
अटल अनादि आनन्दघन ।जाने बिरला जोगीजन ॥

ऐसा करे निरन्तर ध्यान ।सबको समझे एक समान ॥
मन इन्द्रिय अपने वश राखे ।विषयन के सुख कबहुँ न चाखे ॥

सब जीवों के हित में रत ।ऐसा उनका सच्चा मत ॥
वह भी मेरे ही को पाते ।निश्चय परमा गति को जाते ॥

फल दोनों का एक समान ।किन्तु कठिन है निर्गुण ध्यान ॥
जबतक है मन में अभिमान ।तबतक होना मुश्किल ज्ञान ॥

जिनका है निर्गुण में प्रेम ।उनका दुर्घट साधन नेम ॥
मन टिकने को नहीं अधार ।इससे साधन कठिन अपार ॥

सगुन ब्रह्म का सुगम उपाय ।सो मैं तुझको दिया बताय ॥
यज्ञ दानादि कर्म अपारा ।मेरे अर्पण कर कर सारा ॥

अटल लगावे मेरा ध्यान ।समझे मुझको प्राण समान ॥
सब दुनिया से तोड़े प्रीत ।मुझको समझे अपना मीत ॥

प्रेम मग्न हो अति अपार ।समझे यह संसार असार ॥
जिसका मन नित मुझमें यार ।उनसे करता मैं अति प्यार ॥

केवट बनकर नाव चलाऊँ ।भव सागर के पार लगाऊँ ॥
यह है सबसे उत्तम ज्ञान ।इससे तू कर मेरा ध्यान ॥

फिर होवेगा मोहिं सामान ।यह कहना मम सच्चा जान ॥
जो चाले इसके अनुसार ।वह भी हो भवसागर पार ॥

Bhagavad Gita Chalisa Lyrics in English

Prathamahin Guruko Sheesh Navaun, Haricharon Mein Dhyan Lagauun
Geet Sunauun Adbhut Yaar, Dharan Se Ho Beda Par

Arjun Kahai Suno Bhagwana, Apne Roop Bataye Nana
Unka Main Kuch Bhed Na Jana, Kirpa Kar Phir Kaho Sujana

Jo Koi Tumko Nit Dhyaave, Bhaktibhav Se Chit Lagave
Raat Divas Tumhre Gun Gaave, Tumse Dooja Man Nahi Bhaave

Tumra Naam Jape Din Raat, Aur Kare Nahi Dooji Baat
Dooja Nirakar Ko Dhyaave, Akshar Alakh Anadi Batave

Donon Dhyan Lagane Wala, Unmein Kun Uttam Nandlala
Arjun Se Bole Bhagwan, Sun Pyare Kuch Dekar Dhyan

Mera Naam Japai Jhapvaye, Netron Mein Premashru Chhaye
Mujh Binu Aur Kuch Nahi Chaave, Raat Divas Mera Gun Gaave

Sunkar Mera Naam Uchchar, Uthai Rom Tan Barambar
Jinka Kshan Tootai Nahi Taar, Unki Shraddha Atal Apaar

Mujh Mein Judkar Dhyan Lagave, Dhyan Samay Vihwal Ho Jave
Kanth Ruke Bola Nahi Jave, Man Buddhi Mere Maanhi Samaave

Lajja Bhay Ru Bisare Maan, Apna Rahe Na Tan Ka Gyaan
Aise Jo Man Dhyan Lagave, So Yogin Mein Shreshth Kahave

Jo Koi Dhyaave Nirgun Roop, Purn Brahm Aru Achal Anup
Nirakar Sab Ved Batave, Man Buddhi Jahn Thaah N Pave

Jiska Kabhu Na Hove Naash, Byapak Sabmein Jyon Aakash
Atal Anadi Anandghan, Jaane Birla Yoginjan

Aisa Kare Nirantar Dhyan, Sabko Samjhe Ek Samaaan
Man Indriya Apne Vash Rakhe, Vishayan Ke Sukh Kabhu Na Chaathe

Sab Jeevon Ke Hit Mein Rat, Aisa Unka Sachcha Mat
Wah Bhi Mere Hi Ko Paate, Nishchay Parama Gati Ko Jaate

Phal Dono Ka Ek Samaaan, Kintu Kathin Hai Nirgun Dhyan
Jabtak Hai Man Mein Abhiman, Tabtak Hona Mushkil Gyaan

Jinka Hai Nirgun Mein Prem, Unka Durgat Saadhan Neem
Man Tikne Ko Nahi Adhaar, Isse Saadhan Kathin Apaar

Sagun Brahm Ka Sugam Upay, So Main Tujhko Diya Batay
Yajna Daanadi Karm Apaar, Mere Arpan Kar Kar Saara

Atal Lagave Mera Dhyan, Samjhe Mujhko Praan Samaaan
Sab Duniya Se Tode Preet, Mujhko Samjhe Apna Meet

Prem Magn Ho Ati Apaar, Samjhe Yah Sansar Asar
Jiska Man Nit Mujhme Yaar, Unse Karta Main Ati Pyaar

Kevat Bankar Naav Chalaun, Bhav Sagar Ke Paar Lagun
Yeh Hai Sabse Uttam Gyaan, Isse Tu Kar Mera Dhyan

Phir Hovega Mohi Samaaan, Yah Kehna Mam Sachcha Jaan
Jo Chale Iske Anusar, Wah Bhi Ho Bhavsagar Paar

About Bhagavad Gita Chalisa in English

The Bhagavad Gita Chalisa is a devotional hymn dedicated to Lord Krishna, the divine speaker of the Bhagavad Gita, which is one of the most important texts in Hindu philosophy. The Bhagavad Gita is a conversation between Lord Krishna and the warrior prince Arjuna, taking place on the battlefield of Kurukshetra, where Krishna imparts profound wisdom on life, duty (Dharma), and spirituality.

The Bhagavad Gita Chalisa consists of 40 verses, often referred to as “Chaupais,” which praise Lord Krishna and highlight the key teachings and messages of the Bhagavad Gita. These verses focus on the importance of righteousness, devotion, surrender to the divine, and the pursuit of self-realization.

By reciting the Bhagavad Gita Chalisa, devotees seek to invoke Lord Krishna’s blessings for wisdom, courage, and guidance in overcoming obstacles in life. It emphasizes the significance of living a life aligned with spiritual principles, managing desires, and understanding the ultimate truth. The hymn also serves as a means of connecting with the teachings of the Gita, which guide individuals towards liberation (moksha) and inner peace.

The Bhagavad Gita Chalisa is widely regarded as a powerful prayer, helping individuals lead a balanced life and remain centered in their spiritual journey.

About Bhagavad Gita Chalisa in Hindi

भगवद गीता चालीसा भगवान श्री कृष्ण की दिव्य शिक्षाओं का गान है, जो भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध भूमि पर दी थी। भगवद गीता हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जिसमें भगवान कृष्ण ने जीवन, धर्म, कर्म, भक्ति और आत्मज्ञान के बारे में गहरी शिक्षाएँ दी हैं। यह ग्रंथ आत्म-ज्ञान, संसार से ऊपर उठने और ईश्वर के प्रति समर्पण की महत्वता को उजागर करता है।

भगवद गीता चालीसा में 40 श्लोक होते हैं, जो भगवान कृष्ण की महिमा, उनके दिव्य रूप और उनकी शिक्षाओं का वर्णन करते हैं। यह चालीसा भगवान श्री कृष्ण के शरणागत, भक्ति, और आत्मसमर्पण के सिद्धांतों को समझाती है। इसके माध्यम से

व्यक्ति अपने जीवन में सही मार्ग पर चलने, अपने कर्मों को धर्म के अनुसार करने और ईश्वर के प्रति अपनी भक्ति को बढ़ाने का संकल्प लेता है।

भगवद गीता चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति को मानसिक शांति, शक्ति और समृद्धि प्राप्त होती है। यह न केवल भक्ति को बढ़ाता है बल्कि व्यक्ति को जीवन के सत्य और उद्देश्य का भी ज्ञान कराता है, जिससे वह अपने जीवन में सफलता और मुक्ति की ओर अग्रसर होता है।